# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

## 05 मार्च, 2021

----

**[शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला, संस्कृति एवं युवा विज्ञान एवं प्रावैधिकी ].**

**कुल प्रश्न 21**

----

### योजना का लाभ

*173 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में वित्तीय वर्ष 2019-20 में विद्यार्थियों के 'स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना' के लिए मंजूर 1292 करोड़ रुपये में से सिर्फ 630 करोड़ रुपये ही बांटे गए हैं;

(ख) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2019-20 में 75 हजार छात्रों को लोन देने का लक्ष्य रखा गया था जिसमें सत्यापन के बाद भी केवल 53327 आवेदकों को ही मंजूरी मिल सकी,है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य में बी.एड. की पढ़ाई करने वालों को इस योजना का लाभ नहीं दिया जाता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी छात्रों को लोन देने एवं बी.एड. की पढ़ाई करने वाले छात्रों को भी इस योजना का लाभ देना चाहती है?

----

## नियुक्ति करने का विचार

***174 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राजकीय/राजकीयकृत/प्रोजेक्ट विद्यालयों में तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर कार्यरत व्यक्तियों की सेवानिवृत्ति से 85 फीसदी विद्यालयों में ये पद रिक्त हैं;

(ख) क्या यह सही है कि सरकारी विद्यालयों में प्रतिमाह विभिन्न प्रकार के प्रतिवेदन तैयार करने की आवश्यकता पड़ती है और तृतीय श्रेणी का कर्मचारी नहीं होने से उक्त काम में शिक्षकों की सेवायें लेनी पड़ती हैं, फलतः शिक्षण कार्य में बाधा उपस्थित होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अधिसूचना संख्या- 1110 और 1111, दिनांक 20.08.2020 में उल्लिखित प्रावधानों के अन्तर्गत तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियुक्तियां करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## राजस्व वसूली सुनिश्चित कब तक

***175 श्री रजनीश कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि अवध बिहारी संस्कृत महाविद्यालय रहीमपुर, खगडि़या एक अंगीभूत महाविद्यालय है, जिसे दान में लगभग 1032 एकड़ जमीन प्राप्त हुई थी;

(ख) क्या यह सही है कि कुल 1032 एकड़ में लगभग 500 एकड़ भू-माफियाओं के कब्जे में है और लगभग 175 एकड़ गंगा और गंडक के कटाव में चली गयी;

(ग) क्या यह सही है कि शेष 325 एकड़ जमीन जो महाविद्यालय के दखल कब्जे में है, उसकी भी राजस्व वसूली नहीं की जा रही है;

(घ) क्या यह सही है कि अनुमंडल पदाधिकारी, खगडि़या इस महाविद्यालय के भू-प्रबंधन कमीटी के अध्यक्ष हैं;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महाविद्यालय की जमीन को भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराकर कुल बची हुई जमीन से राजस्व वसूली सुनिश्चित करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## स्थानांतरण की सुविधा

***176 प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के नियोजित (महिला/दिव्यांग) शिक्षकों को अंतर जिला सहित अंतर नियोजन इकाई में स्थानांतरण की सुविधा दी जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के पुरुष नियोजित शिक्षकों को सिर्फ परस्पर स्थानांतरण की सुविधा दी जा रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियोजित (पुरुष) शिक्षकों को भी अंतर जिला सहित अंतर नियोजन इकाई में स्थानांतरण की सुविधा देना चाहती है? यदि हां तो कबतक? नहीं तो क्यों?

----

## प्रेरकों का चयन तथा प्रशिक्षण

***177 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में 88172 से अधिक सरकारी तथा अनुदानित स्कूलों में से 31670 स्कूलों में अग्निशमन यंत्र नहीं लगाया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य में एक भी सरकारी और अनुदानित स्कूल ऐसा नहीं है जो शत-प्रतिशत सुरक्षा मानकों पर खरा उतरता हो;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य में लगभग 18472 स्कूलों में विद्यालय आपदा प्रबंध समिति तथा 16472 स्कूलों में बाल प्रेरकों का चयन तथा प्रशिक्षण नहीं हुआ है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के संचालन में लापरवाही बरतने वाले दोषियों के विरुद्ध सरकार कौन-से कदम उठाने जा रही है और नहीं तो क्यों?

----

## लंबित अनुदान का एकमुश्त भुगतान

***178 डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि वित्त रहित शिक्षण संस्थानों के कर्मियों का 2015 से अबतक अनुदान का भुगतान लंबित है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड ‘क’ का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार वित्त रहित शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी के लंबित अनुदान का एकमुश्त भुगतान लाभुकों के खाते में कबतक करेगी? यदि नहीं तो क्यों?

----

## नियमानुसार कार्रवाई

***179 श्री सुमन कुमार (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के फुलपरास प्रखण्ड अंतर्गत सुदूर बसीपट्टी गांव में उत्क्रमित उच्च विद्यालय के भवन निर्माण का निर्णय लिया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त भवन का कार्य निजी जमीन पर कर दिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त भवन निजी जमीन पर अर्द्धनिर्मित अवस्था में है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त सरकारी पैसे से अर्द्धनिर्मित भवन के कारण सरकारी रुपये के अपव्यय के दोषी पदाधिकारियों पर नियमानुसार कार्रवाई करना चाहती है? यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## विसंगति दूर करने का विचार

***180 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के कई शहर, जो जिला परिषद के अधीन थे, उन्हें नगर पंचायत का दर्जा दे दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि नगर पंचायत के अन्तर्गत स्थित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मियों का वेतन भुगतान 06 प्रतिशत आवास भत्ता के साथ किया जा रहा है, जबकि वहीं उसी विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों का वेतन भुगतान 04 प्रतिशत आवास भत्ता के साथ किया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार खंड 'ख' में वर्णित एक ही विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों के आवास भत्ता के भुगतान में हो रही विसंगति को दूर करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## स्थाई संबद्धता

*181 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सूबे में 1992 के अधिनियम तथा 1994 की नियमावली से स्थापित एवं संचालित प्रस्वीकृत, अनुशंसित तथा स्थापना अनुज्ञा कोटि के 599 इण्टरमीडिएट महाविद्यालयों एवं 16 माध्यमिक वि◌़द्यालयों पर अब नई संबद्धता उपविधि – 2011 की संशेधित विनियमावली – 2013 थोपी जा रही है तथा इसी को आधार बनाकर आज बारह 12 वर्षों के बाद ऐसे संस्थानों के व्ययगत सत्रों का अनुदान (वेतनानुदान) भी रोक दिया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार द्वारा किसी भी अधिनियम पर आज तीस (30) वर्षों के उपरांत नई उपविधि/विनियमावली थोपा जाना और उसी को आधार बनाकर वैसे संस्थानों के व्ययगत सत्रों का परीक्षाफल आधारित अनुदान रोका जाना कहां तक उचित है, जबकि ऐसे संस्थानों को अनुदान देने हेतु विभागीय संकल्प के आलोक में उनके अनुमान्यता की जांच कर ली गई है? क्या ऐसे संस्थानों को सरकार स्थायी संबद्धता प्रदान करने पर विचार करती है, नहीं तो क्यों?

----

## सामूहिक बीमा योजना की राशि

*182 **डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा में शिक्षकों को सामूहिक बीमा योजना की राशि का भुगतान माननीय उच्चतम न्यायालय के

निर्देशानुसार 12 प्रतिशत की दर से नहीं मिल रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त विश्वविद्यालय के शिक्षकों को सामूहिक बीमा योजना की राशि 12 प्रतिशत की दर से यथाशीघ्र देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मिथिलाक्षर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

*183 **डा. दिलीप कुमार जायसवाल (पूर्णिया, अररिया स्थानीय प्राधिकार ):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य की कैथी एवं मिथिलाक्षर लिपियों के शिक्षण हेतु राज्य के विश्वविद्यालयों द्वारा सर्टिफिकेट-डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाने की मांग वर्षों से की जा रही है, परन्तु अब तक यह शुरू नहीं हुआ है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार राज्य के विश्वविद्यालयों को कैथी और मिथिलाक्षर लिपियों के लिए सर्टिफिकेट-डिप्लोमा पाठ्यक्रम आरंभ कराने हेतु निदेश देना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## मोइनुल हक स्टेडियम

*184 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**कला, संस्कृति एवं युवा :-**

क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मोइनुल हक स्टेडियम को 400 करोड़ की लागत से इंटरनेशनल स्टेडियम के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार में क्रिकेट के लिए बने इस इकलौते स्टेडियम की मेन बिल्डिग (भवन), दर्शक दीर्घा, साइट स्क्रीन, पवेलियन, खिलाडि़यों के ड्रेसिंग

रूम सब कुछ बेकार हो चुके हैं;

(ग) क्या यह सही है कि खिलाडि़यों की प्रैक्टिस के लिए ग्राउंड में नव पिच, कैंपस में ही फाइव स्टार होटल, जिम और स्वीमिंग पूल भी बनेंगे;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार मल्टी पर्पस ग्राउंड के साथ अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार मोइनुल हक स्टेडियम को कबतक डेवलप करना चाहती है?

----

## छात्रों का पलायन

*185 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**विज्ञान एवं प्रावैधिकी :-**

क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के 38 सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में नौ हजार से अधिक सीटें रहने के बावजूद दूसरे राज्यों के सरकारी एवं निजी कॉलेजों में बिहार के छात्रों के नामांकन होने से यहां के कॉलेजों में 70 फीसदी सीटें खाली रह जाती हैं;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो अपने राज्य के कॉलेजों में नामांकन नहीं लेने का क्या कारण है और सरकार छात्रों के इस पलायन को रोकने हेतु क्या उपाय कर रही है?

----

## कॉलेज परिसर उच्चीकारण

*186 **श्री सच्च्दानिंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत लोकमान्य उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज, छपरा (सारण) के खेल मैदान में बरसात के समय तीन से चार फीट पानी का

जल जमाव हो जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कॉलेज में छात्रों की संख्या – 1340 है, जिनका बरसात के समय जलजमाव के कारण शिक्षण कार्य बंद हो जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि कॉलेज प्रबंध समिति के पास प्रांगण में मिट्टी भराई एवं सौन्द्रयीकरण हेतु कोष का अभाव है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित कॉलेज परिसर का उच्चीकरण कराने का विचार रखती है, हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## राघोपुर प्रखंड में एक डिग्री कॉलेज

*187 **श्री सुबोध कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में सरकार द्वारा बालिकाओं को शिक्षित करने हेतु विभिन्न प्रकार की सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ नारा पर जोर दिया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि वैशाली जिले के राघोपुर प्रखंड में बालिकाओं को इण्टर की शिक्षा के बाद स्नातक की शिक्षा के लिए पटना या हाजीपुर जाना पड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि स्नातक की शिक्षा की व्यवस्था नहीं रहने के कारण अधिकांश छात्राएं इण्टर के बाद अपनी पढ़ाई छोड़ देती हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राघोपुर प्रखंड की छात्राओं की उच्च शिक्षा हेतु राघोपुर प्रखंड में एक डिग्री कॉलेज खोलना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## स्टेडियम का निर्माण

*188 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

**कला, संस्कृति एवं युवा :-**

क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि अकबरपुर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम हुड़राही में अवस्थित विश्वकर्मा उच्च विद्यालय की जानिब उत्तर की सरकारी भूमि पर स्थानीय युवकों द्वारा प्रायः टुर्नामेंट एवं खेल-कूद का आयोजन किया जाता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त सरकारी भूमि में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

**सामंजन कबतक**

*189 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों (अंगीभूत इकाई) में दिनांक – 10.02.1989 तक नियुक्त/कार्यरत तदर्थ व्याख्याताओं के सेवा-सामंजन हेतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय के न्यायादेश के आलोक में राज्य सरकार द्वारा गठित जांच प्रतिवेदन समर्पित किया जा चुका है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो 13 वर्षों के पश्चात प्राप्त हुए जांच प्रतिवेदन के समीक्षोपरांत सरकार ने क्या कार्रवाई की है तथा सरकार तदर्थ व्याख्याओं का सेवा-सामंजन कबतक करेगी, यदि नहीं तो क्यों?

----

**टोला सेवकों का मानदेय भुगतान**

*190 **श्री संजय प्रसाद (मुंगेर स्थानीय प्राधिकार ):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, साक्षरता, जमुई के पत्रांक – 61 से 107, दिनांक – 09/02/2016 के आलोक में कुल 47 टोला सेवक को योगदान कराया गया था। कुछ दिन कार्य करने के पश्चात् जिला पदाधिकारी, जमुई के आदेशानुसार जिला पदाधिकारी, जमुई के पत्रांक – 126, दिनांक – 29/02/2016 के आलोक में विद्यालय संचालन कार्य करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गई थी, पुनः जिला

शिक्षा पदाधिकारी, जमुई के पत्रांक – 389, दिनांक – 04/09/2016 के आलोक में कुल 44 टोला सेवक को विद्यालय संचालन कार्य करने की अनुमति प्रदान की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि सभी टोला सेवक कार्य कर रहे हैं लेकिन अभी तक उन लोगों को मानदेय नहीं दिया गया है उन सभी टोला सेवक प्रखंड कार्यालय से लेकर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, साक्षरता, जमुई तक चक्कर काट रहे हैं, उस पर कोई अमल नहीं किया जा रहा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी, जमुई के द्वारा 553, दिनांक – 26/09/2016 के आलोक में जन शिक्षा निदेशालय, पटना को पत्र भेजा गया है, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी है, इससे उन सभी टोला सेवकों के परिवार भुखमरी के कगार पर आ चुके हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उन सभी टोला सेवकों का मानदेय भुगतान कराने एवं दोषी विभागीय पदाधिकारी पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## मनोनयन शीघ्र

*191 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

**कला, संस्कृति एवं युवा :-**

क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना स्थित विश्वप्रसिद्ध खुदाबख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी में डायरेक्टर सहित कुल ग्यारह सदस्य होते हैं जिनमें चार (4) सदस्य राज्य सरकार द्वारा मनोनीत किए जाते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा मनोनीत किए जाने वाले चारों सदस्यों का स्थान विगत चार वर्षों से रिक्त रहने के कारण लाइब्रेरी का कार्य बाधित हो रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस विश्वप्रसिद्ध लाइब्रेरी का कार्य सुचारू रूप से चलाने हेतु चार सदस्यों का मनोनयन शीघ्र करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## व्यावसायिक इस्तेमाल पर रोक

***192 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना में सदाकत आश्रम के निकट बड़े भूभाग में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा 1921 में बिहार विद्यापीठ की स्थापना की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यापीठ की स्थापना स्वतंत्रता आंदोलन के समय शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन के उद्देश्य से की गयी थी;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त विद्यापीठ परिसर में प्रथम राष्ट्रपति स्व० राजेंद्र प्रसाद जी ने अवकाशग्रहण के पश्चात् अपना जीवनकाल बिताया था और वहां राजेंद्र स्मृति संग्रहालय भी अवस्थित है;

(घ) क्या यह सही है कि विगत कुछ वर्षों से उक्त परिसर का व्यावसायिक इस्तेमाल किया जाने लगा है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भूखंड एवं परिसर की गरिमा को बनाए रखने के उद्देश्य से उक्त परिसर को अधिग्रहित कर उसके व्यावसायिक इस्तेमाल पर रोक लगायेगी, यदि नहीं तो क्यों?

----

## महिला विश्वविद्यालय की स्थापना

***193 सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अन्तर्गत महिला शिक्षा हेतु जिला स्तर एवं अनुमण्डल स्तर पर माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोले गये हैं;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य में अभी भी जिला स्तर पर विश्वविद्यालय नहीं होने के कारण महिलाओं को उच्च शिक्षा सुलभ नहीं हो पा रही है;

(ग) क्या यह सही है कि दरभंगा जिला मिथिला मातृशक्ति का केन्द्र है एवं मां जानकी की धरती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण हेतु बिहार के दरभंगा जिला में माता जानकी के नाम से माता जानकी महिला विश्वविद्यालय की स्थापना कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक,

नहीं तो क्यों?

----